प्रदर्शन

जिले की मंडियों में विरोध प्रदर्शन, किसानों ने एक स्वर में मांग की कि मंडियों में किसी भी हाल में समर्थन मूल्य से कम बोली नहीं लगाई जाए

समर्थन मूल्य से कम बोली पर किसानों का फूटा आक्रोश

नवभारत/ नरसिंहपुर। जिले में गेहूं की फसल की आवक के बीच किसानों को समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम दाम मिलने पर असंतोष गहराता जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर भारतीय किसान संघ जिला नरसिंहपुर के नेतृत्व में बुधवार को जिले की प्रमुख कृषि उपज मंडियों—नरसिंहपुर, करेली और गाडरवारा—में किसानों ने विरोध प्रदर्शन कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। किसानों ने एक स्वर में मांग की कि मंडियों में किसी भी हाल में समर्थन मूल्य से कम बोली न लगाई जाए और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाया जाए। किसानों का कहना है कि एक ओर सरकार किसान कल्याण वर्ष के नाम पर विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर किसानों को उनकी मेहनत का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है। मंडियों में गेहूं की बोली 2200 से 2300 रुपये प्रति क्विंटल के बीच लग रही है, जो निर्धारित समर्थन मूल्य से करीब 250 से 300 रुपये कम है। इससे किसानों को प्रति क्विंटल सीधा नुकसान उठाना पड़ रहा है।

अच्छी गुणवत्ता के गेहूं को भी मिल रहा कम दाम

किसान संघ पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि व्यापारी अच्छे गुणवत्ता (एफक्यू) वाले गेहूं को भी कम दरों पर खरीद रहे हैं। गुणवत्ता के नाम पर मनमाने कट लगाए जा रहे हैं, जिससे किसानों को मजबूरी में अपनी उपज कम दाम पर बेचनी पड़ रही है। संघ ने कहा कि यदि यही स्थिति रही तो किसानों की आर्थिक स्थिति और कमजोर हो जाएगी।

नरसिंहपुर मंडी में अधिकारियों ने दिया आश्वासन

नरसिंहपुर कृषि उपज मंडी में जिला अध्यक्ष संतोष राय, प्रांत सदस्य स्वदेश कोठारी, कोषाध्यक्ष विष्णु पटेल, मुन्ना लाल सिंह, तहसील अध्यक्ष गोवर्धन सिंह, राजेंद्र सिंह पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान एकत्रित हुए। किसानों के विरोध के बाद अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मंडी सचिव एवं कृषि उपसंचालक मौके पर पहुंचे और व्यापारियों से चर्चा कर समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आंदोलन तेज करने की चेतावनी

किसानों ने साफ चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित नहीं की गई तो किसान संघ द्वारा व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश खेमरिया, जिला मीडिया प्रभारी नितिन तिवारी, तहसील मंत्री विश्वनाथ शर्मा, दीवान लोधी, ब्रजमोहन सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मंडियों में पारदर्शिता बनाए रखते हुए किसानों के हितों की रक्षा की जाए, ताकि उन्हें उनकी उपज का न्यायसंगत मूल्य मिल सके।

करेली में भी गूंजा विरोध

करेली कृषि उपज मंडी में संजय पाठक और चंद्रभान सिंह पटेल के नेतृत्व में किसानों ने प्रदर्शन किया। यहां भी किसानों ने मांग रखी कि गेहूं की खरीदी केवल समर्थन मूल्य पर ही की जाए और व्यापारियों द्वारा की जा रही मनमानी पर रोक लगाई जाए। गाडरवारा में नारेबाजी, ज्ञापन सौंपा गाडरवारा कृषि उपज मंडी में किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए किसानों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद की। तहसील अध्यक्ष महेश तिवारी और सुरेंद्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में किसानों ने मंडी सचिव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित करना, साईखेड़ा उप मंडी में विक्रय कार्य प्रारंभ करना, व्यापारियों द्वारा घर से खरीदी पर रोक लगाना, मंडी परिसर में पेयजल, शेड, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना, मुख्य गेट से अतिक्रमण हटाना तथा अस्पताल रोड से मंडी तक सड़क निर्माण कराना शामिल हैं।

कौरव समाज ने जताया विरोध मुख्यमंत्री का पुतला दहन आज

नवभारत/ गाडरवारा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के एक बयान को लेकर कौरव समाज में आक्रोश देखा जा रहा है। समाज के लोगों ने आरोप लगाया है कि 23 अप्रैल को नरयावली (जिला सागर) में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने द्रोपती चीर हरण जैसे प्रसंग का उल्लेख करते हुए कौरवों की तुलना राजनीतिक संदर्भ में की, जो समाज की भावनाओं को आहत करने वाला है। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि किसी भी पौराणिक घटना को वर्तमान राजनीति से जोड़कर किसी समाज विशेष पर टिप्पणी करना अनुचित है। उन्होंने इसे कौरव समाज का अपमान बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया है। इसी के विरोध में कौरव समाज द्वारा 30 अप्रैल को गाडरवारा में मुख्यमंत्री का पुतला दहन करने की घोषणा की गई है। समाज के लोगों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर विरोध दर्ज कराने की अपील की है। समाज के प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि यदि मुख्यमंत्री द्वारा इस मामले में सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी जाती है, तो आगे बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। पुतला दहन कार्यक्रम स्थान- छीपा तिराहा (राठी तिराहा), गाडरवारा समय- सुबह 11 बजेनिवेदक- समस्त कौरव समाज एवं सामाजिकजन।

तिरका गांव की मुख्य सड़क पर जमा गंदा पानी दे रहा बड़ी बीमारियों को न्यौता

नवभारत/ गोटेगांव। एक ओर जहां सरकार द्वारा स्वच्छता को लेकर बड़े-बड़े दावे और अभियान चलाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर गोटेगांव जनपद की ग्राम पंचायत राजा कछार के तिरका गांव में जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। गांव की मुख्य सड़क पर प्रहलाद पटेल के मकान के सामने 24 घंटे गंदा पानी जमा रहता है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत प्रशासन की अनदेखी के चलते यह समस्या विकराल रूप लेती जा रही है और बड़ी बीमारियों को खुला निमंत्रण मिल रहा है। ग्राम वासियों ने बताया कि यह गांव का मुख्य मार्ग है, जहां जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। लंबे समय से सड़क पर भरे इस दूषित पानी के कारण राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कई बार सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक को इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अब तक न तो पानी निकासी की कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई और न ही साफ-सफाई पर ध्यान दिया गया। पंचायत कर्मियों की इस उदासीनता से ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। गांव के लोगों को डर है कि यदि जल्द ही इस गंदे पानी की निकासी नहीं की गई, तो क्षेत्र में कोई बड़ी महामारी फैल सकती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि इस गंभीर समस्या का शीघ्र निराकरण किया जाए, ताकि गांव में स्वच्छता बनी रहे और लोगों का स्वास्थ्य सुरक्षित रह सके।



राज्यसभा सांसद द्वारा भवन बनाने दिये गए 10 लाख रूपये

नवभारत/ तेंदूखेड़ा विगत दिवस पूर्व विधायक श्री संजय शर्मा की अनुशंसा पर राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के द्वारा 10 लाख रुपए की राशि ग्राम विचुआ में भवन बनाने के लिए राशि प्रदान की गई ।इसी संदर्भ में विगत दिवस संजय शर्मा की उपस्थिति में भूमी पूजन संपन्न हुआ।

BMO डॉ. रिचा मिश्रा को पद से हटाया गया

नवभारत/ गोटेगांव/ नरसिंहपुर जिला अस्पताल के स्वास्थ्य विभाग में उस समय हलचल मच गई, जब ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) डॉ. रिचा मिश्रा को अचानक उनके पद से हटा दिया गया। उनकी जगह अब डॉ. गणेश भनारिया को नया बीएमओ नियुक्त किया गया है। इस अचानक हुए बदलाव ने विभाग के भीतर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। डॉ. रिचा मिश्रा पिछले करीब एक साल से इस पद पर थीं। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह फैसला उनके लिए पूरी तरह चौंकाने वाला है। डॉ. मिश्रा के मुताबिक, उन्होंने अपना काम पूरी ईमानदारी से किया और उनके कार्यकाल के दौरान ब्लॉक की प्रगति भी अच्छी रही। उन्होंने साफ

किया कि अब तक उनके खिलाफ न तो कोई शिकायत हुई थी और न ही कोई आरोप लगा था।

पद से हटाना समझ से परे

डॉ. मिश्रा ने बताया कि एक साल के दौरान उन्हें अधिकारियों और कर्मचारियों का पूरा साथ मिला। ब्लॉक का काम भी बेहतर ढंग से चल रहा था, इसलिए अचानक पद से हटाया जाना उनकी समझ से बाहर है।

विभाग में चर्चा और अनसुलझे सवाल

जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के जारी इस आदेश को लेकर विभाग के कर्मचारियों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर ऐसी क्या स्थिति बनी कि इतनी जल्दबाजी में यह फैसला लेना पड़ा। इस घटनाक्रम ने स्वास्थ्य विभाग की प्रशासनिक व्यवस्था पर बहस छेड़ दी है। इस मामले में आधिकारिक पक्ष जानने के लिए जब सीएमएचओ मनीष मिश्रा से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

क्षेत्र में सड़कों की हालत खराब, ग्रामवासी परेशान

नवभारत/ गोटेगांव विगतदिवस समीपवर्ती ग्रामीण अंचलों के गांवों को सडक से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री सड़क योजना के माध्यम से पूर्व समय से निर्माण कार्य अवश्य हो रहे है। मगर इसके निर्माण के समय जिस तरह से गुणवत्ता की जांच पहले होती थी वह जब से राजनैतिक ठेकेदार मैदान में आए है तब से प्राय: हो गई है। जिसके कारण ऐसी निर्मित होने वाली सड़क अल्प समय में ही में अस्त व्यस्त हो रहीं हैं। क्षेत्र में कहीं कई सड़कों का कार्य अधूरा है तो कहीं सड़क खस्ताहाल हैं, ग्रामीणों को आवागमन में परेशानियां हो रहीं हैं। जिसके कारण गांव के लोगों को प्रधानमंत्री सड़क योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। गांव के लोगों को सड़क सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा और और जहां सड़कों का निर्माण किया गया वह अल्प समय में ही उक्त सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढ़ों के कारण पूरी सड़क खराब हो चुकी है। इसको नाए सिरे से निर्माण करने की मांग लम्बे समय से की जा रही है। मगर उक्त दिशा में अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है।

बार बार मेंटनेंस फिर भी हालत ज्यों के त्यों

नवभारत/तेंदूखेड़ा। इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में बिजली की अघोषित कटौती अब आम बात हो गई है। व्यवस्था में सुधार के नाम पर आये दिन मेंटनेंस के नाम पर दिन दिन भर बिजली बंद रखना फिर दूसरे दिन से वही हालात निर्मित होने के चलते बिजली की आंख मिचौली से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त बना हुआ है।भीषण गर्मी के इस दौर में बिजली की आंख मिचौली खून के आंसू रुला रही है। तहसील मुख्यालय पर बिना कोई सूचना बार बार बिजली गुल होने से कूलर पंखे शोभा की सुपारी बनें हुए हैं।साथ ही जर्जर केबिल लाइन जहां तहां से जलकर गिरना और कर्मियों को रात रात भर सुधार करना सोचनीय विषय बना हुआ है।

एक नजर में

नर्मदापुरम का प्रभारी बनने पर बधाईयों का लगा तांता

नवभारत/तेंदूखेड़ा। विगत दिवस म प्र कांग्रेस कमेटी द्वारा तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक संजय शर्मा को नर्मदापुरम का प्रभारी नियुक्त किए जाने पर तेंदूखेड़ा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और उनसे जुड़े शुभचिंतकों ने बधाईयां शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

वृद्ध चैती बाई साहू का देवलोक गमन

नवभारत/गोटेगांव। विगत दिवस नगर के प्रतिष्ठित नागरिक समाजसेवी सिहोरा कटरा मोहल्ला निवासी स्वर्गीय पति वैशाली साहू की धर्मपत्नी एवं रमेश साहू, महेश साहू पूज्यनीय माता श्री श्रीमती वृद्ध चैती बाई साहू का लगभग 65 वर्ष की आयु में लंबे समय से बीमारी के चलते देवलोक गमन हो गया है, आप सहज सरल मिलनसार व्यक्तित्व की महिला थी, आपके देवलोक गमन का समाचार प्राप्त होतेही परिवारजनों व शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया, अंतिम संस्कार शवयात्रा में सभी वर्ग समुदाय के लोगों सहित विभिन्न राजनैतिक सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के जनप्रति निधियों व नागरिकों ने मुक्तिधाम में बड़ी संख्या में शामिल होकर दाह संस्कार करने के उपरांत उपस्थितजनों ने श्री चैती बाई साहूजी की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अनुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतृप्त परिवार जनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त कर शोकाकुल परिवार जनों को इस गहन दुख सहन करने हेतु परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की।

मदद पड़ी महंगी : बीच सड़क पर रो रही युवती को घर जाने दी एक्टिवा, हो गई फरार

जबलपुर। गोरखपुर थाना अंतर्गत रामपुर में एक युवक ने बीच सड़क पर रो रही जिस युवती की मदद कर उसे अपनी एक्टिवा घर जाने सौंपी थी, वह युवती गाड़ी लेकर रफूचक्कर हो गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक सेठी नगर निवासी ओम प्रकाश बेन (32) 2 मार्च की शाम करीब 5:45 बजे एमपीईबी तरंग, रामपुर घूमने गया था। वहां उसने देखा कि एक एक्टिवा पर आई तीन लड़कियों के बीच जबरदस्त झगड़ा हो रहा है। विवाद इतना बढ़ा कि दो लड़कियों ने अपनी ही एक सहेली के साथ मारपीट की और उसके कपड़े फाड़कर उसे वहीं बीच सड़क पर अकेला छोड़ कर अपनी गाड़ी से भाग निकलीं। रोती हुई लड़की को देखकर ओम प्रकाश ने जब मदद की पेशकश की, तो उसने अपना नाम सुहानी केवट बताया। सुहानी ने कहा कि वह आधारताल की रहने वाली है और उसकी सहेलियों ने उसे धोखा दिया है उसे बीच रास्ते में छोड़कर चली गई है उसे घर जाना है । युवती को परेशान देख ओम प्रकाश ने मानवता के नाते अपनी मेहरून रंग की एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एस एस 4792 उसे घर जाने के लिए दे दी। सुहानी को अगले दिन 3 मार्च को रामपुर चौक आकर गाड़ी वापस करनी थी और ओम प्रकाश को कॉल करना था। लेकिन तय समय बीत जाने के बाद भी न तो युवती गाड़ी लेकर आई और न ही उसका कोई पता चला। पीड़ित ने जब संपर्क करने की कोशिश की तो युवती की नीयत साफ समझ आ गई। अंतत: थक-हार कर पीड़ित ने अब थाने पहुंचकर युवती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने सुहानी केवट के खिलाफ अमानत में खयानत के तहत मामला दर्ज किया है।

अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध नरसिंहपुर पुलिस की लगातार कार्यवाही

नवभारत/ नरसिंहपुर। पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध जा रहा है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में नशे विरूद्ध लगातर प्रभावी कार्यवाही करते हुए ब ?ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थो को जप्त कर सप्लाई में संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। इसी क्रम में नरसिंहपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे के तहत अति. पुलिस अधीक्षक, श्री संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) नरसिंहपुर, श्री मनोज गुप्ता के नेतृत्व में चौकी सिंहपुर, थाना स्टेशनगंज पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्त में लेकर अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद करने में सफलता हासिल की गई है। चौकी सिंहपुर, थाना स्टेशनगंज पुलिस की कार्यवाही आरोपी 1 मुलाम चौधरी पिता रम्मू चौधरी, उम्र उम्र 43 साल, निवासी मगरधा,

नरसिंहपुर जप्त मादक पदार्थ -13 ग्राम अवैध स्मैक (अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत ? 1.3 लाख अनुमानित) वैधानिक कार्यवाही - उक्त आरोपी एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीवद्ध। कार्यवाही में सराहनीय भूमिका - उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी, स्टेशनगंज, निरीक्षक सौरभ पटेल, चौकी प्रभारी सिंहपुर, उप निरीक्षक संजय सूर्यवंशी, प्रधान आरक्षक शेखर, प्रधान आरक्षक विनोद, आरक्षक नंदकिशोर, आरक्षक इमरत, महिला आरक्षक कुमुद की सराहनीय भूमिका रही है।

साईखेड़ा में भीषण गर्मी, राहगीरों के लिए सार्वजनिक प्याऊ लगाने की मांग तेज

नवभारत/ साईखेड़ा। दादाजी धूनी वालों की नगरी के नाम से प्रसिद्ध साईखेड़ा में भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने से राहगीरों, मजदूरों और बाजार आने वाले ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पानी के लिए तरस रहे राहगीर

नगर के मुख्य मार्गों, बस स्टैंड, अस्पताल चौराहा और बाजार क्षेत्र में सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था न होने से लोग पानी के लिए भटकते नजर आ रहे हैं। तीखी धूप में दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों और यात्रियों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है।

सामाजिक संगठनों ने उठाई मांग

स्थानीय सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने नगर परिषद साईखेड़ा से मांग की है कि तत्काल नगर के प्रमुख स्थानों पर सार्वजनिक प्याऊ

लगाए जाएं। लोगों का कहना है कि गर्मी में पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का काम है और दादाजी की नगरी में तो यह सेवा और भी महत्वपूर्ण हो जाती है, जहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं।

मानव सेवा ही माधव सेवा

नागरिकों ने कहा कि नगर परिषद को बस स्टैंड, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तहसील कार्यालय, मुख्य बाजार और धूनी वाले दादाजी मंदिर मार्ग पर मटके या वाटर कूलर के साथ प्याऊ की व्यवस्था करनी चाहिए। साथ ही सामाजिक संस्थाओं और व्यापारियों से भी आगे आकर इस पुण्य कार्य में सहयोग की अपील की गई है।

प्रशासन से उम्मीद

नगरवासियों को उम्मीद है कि नगर परिषद अध्यक्ष एवं अधिकारी भीषण गर्मी को देखते हुए शीघ्र सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था करेंगे ताकि किसी भी राहगीर को प्यासा न रहना पड़े।

चीचली क्षेत्र में अनाज चोरी की वारदातें बढ़ीं, पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

एक ही गोदाम को दो बार बनाया निशाना, व्यापारियों में भय का माहौल

नवभारत/ चीचली। चीचली थाना क्षेत्र अंतर्गत ढाना-बारहा रोड स्थित निजी अनाज गोदामों में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बीते पंद्रह दिनों के भीतर एक ही गोदाम को दो बार निशाना बनाए जाने से व्यापारियों में दहशत और आक्रोश दोनों देखने को मिल रहे हैं। जानकारी के अनुसार, ढाना क्षेत्र में अनाज खरीदी का कार्य कर रहे व्यापारी श्री राय के गोदाम से 13 अप्रैल 2026 की रात अज्ञात चोरों ने बड़ी मात्रा में अनाज की कट्टियां पार कर दीं। घटना के बाद पीड़ित द्वारा फोटो और वीडियो साक्ष्य के साथ चीचली थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन आरोप है कि पुलिस द्वारा मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस की इस निष्क्रियता का फायदा उठाते हुए चोरों ने एक बार फिर 28 अप्रैल 2026 की मध्य रात्रि उसी गोदाम



को निशाना बनाया और दोबारा चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। लगातार हो रही इन घटनाओं से क्षेत्र के व्यापारियों में असुरक्षा की भावना गहराती जा रही है।

सुनियोजित तरीके से हो रही चोरी

प्रत्यक्षदर्शियों और उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, चोर बेहद संगठित और बेखौफ तरीके से वारदात को अंजाम दे रहे हैं। वे मोटरसाइकिल से आते हैं, एक व्यक्ति गोदाम में घुसकर अनाज की बोरियां बाहर लाकर रखता है, जिसके बाद अन्य साथी मोटरसाइकिल पर उन्हें लादकर फरार हो जाते हैं। इस बार की घटना में एक संदिग्ध युवक का चेहरा स्पष्ट रूप से कैमरे में कैद हुआ है। युवक आधुनिक हेयरकट, मेहरून रंग की शर्ट और हल्की मूंछ में नजर आ रहा है, जिससे उसकी पहचान संभव मानी जा रही है।

व्यापारियों में आक्रोश, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि यह इलाका काफी व्यस्त और आवागमन वाला क्षेत्र है, इसके बावजूद लगातार चोरी की घटनाएं होना पुलिस की गश्त और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है। व्यापारियों का आरोप है कि पूर्व में भी कई बार चोरी की घटनाएं सामने आईं, लेकिन हर बार पुलिस कार्रवाई के नाम पर औपचारिकता ही निभाई गई।

प्रशासन से की सख्त कार्रवाई की मांग

लगातार हो रही घटनाओं से क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं डीएसपी गाडरवारा से मांग की है कि क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो अपराधियों के हौसले और बढ़ेंगे तथा व्यापारिक गतिविधियों पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ेगा। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई ही क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बहाल कर सकती है।

आदर्श इंग्लिश मीडियम स्कूल साईखेड़ा में परीक्षा परिणाम उत्सव के रूप में मनाया गया

नवभारत/ साईखेड़ा। नगर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान आदर्श इंग्लिश मीडियम स्कूल, साईखेड़ा में विगत दिवस वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर को विद्यालय प्रबंधन ने एक भव्य उत्सव के रूप में मनाया, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावक और छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।नगर टॉपर्स का सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों द्वारा बोर्ड परीक्षा 2026 कक्षा 5वीं एवं 8वीं में संस्था के उन विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी बच्चों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।संस्था प्राचार्य ने किया भव्य प्रसारण संस्था प्राचार्य कुमारी शिवानी पचोरी एवं उनकी टीम द्वारा परीक्षा परिणाम का भव्य प्रसारण किया गया। इस दौरान विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था और बच्चों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। संस्था की ओर से सभी शिक्षकों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सम्मानित भी किया गया।